उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 24 माघ, शक संवत्, 1935

**( दिनांक : 13 फरवरी, 2014 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)

2. निधन के निदेश।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के जूनियर हाईस्कूल अयारतोली के उच्चीकरण एवं प्रान्तीयकरण किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री देवेन्द्र गोस्वामी, निवासी-ग्राम अयारतोली, पो0 बिनखोली, जनपद-बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के जूनियर हाईस्कूल गुरना के उच्चीकरण एवं प्रान्तीयकरण किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री कृपाल सिंह नगरकोटी, निवासी-ग्राम गुरना, पो0 गुरना, जनपद-बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के शहीद राम सिंह बोरा जूनियर हाईस्कूल भगरतोला के उच्चीकरण एवं प्रान्तीयकरण किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री शिव सिंह बिष्ट, निवासी-ग्राम भगरतोला, पो0 देवनाई, जनपद-बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के खरई क्षेत्र में महाविद्यालय खोले जाने के सम्बन्ध में'' श्री बंसी लाल, निवासी- ग्राम भटखोला, पो0 छानी, जनपद-बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय असों को इण्टर में उच्चीकरण किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री हयात सिंह मेहता, निवासी-ग्राम पाना, पो0 असों, जनपद-बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के ग्राम जाठा के काफलीगैर एवं खरेई क्षेत्र में गैस गोदाम खोले जाने के सम्बन्ध में'' श्री बालम सिंह बिष्ट, निवासी- ग्राम जाठा, पो0-काफलीगैर, जनपद-बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

11. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

12. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

13. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**''ख''**)

14. वित्तमंत्री, भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

15. वित्तमंत्री, भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करेंगे।

16. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड सड़क संरचना सुरक्षा विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

17. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड सड़क संरचना सुरक्षा विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करेंगे।

18. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

19. वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

20. वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक की अनुदान मांगों पर चर्चा एवं मतदान :-

(1) संसदीय कार्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-05 निर्वाचन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 466641 हजार (रूपये छियालीस करोड छियासठ लाख इक्तालीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(2) वित्त मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-07 वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवाओं के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 44739341 हजार (रूपये चार हजार चार सौ तिहत्तर करोड़ तिरानवे लाख इक्तालीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(3) राजस्व मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-06 राजस्व एवं सामान्य प्रशासन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 20318239 हजार (रूपये दो हजार इक्तीस करोड़ बयासी लाख उनतालीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(4) सहकारिता मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-18 सहकारिता के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 500797 हजार (रूपये पचास करोड़ सात लाख सत्तानबे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(5) सिंचाई मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-20 सिंचाई एवं बाढ़ के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 12292414 हजार (रूपये एक हजार दो सौ उन्तीस करोड़ चौबीस लाख चौदह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

21. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

22. जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड थौलधार के विभिन्न नव मोटर मार्गो के लम्बित प्रस्तावों के संबंध में श्री महावीर सिंह रागड़, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 11 फरवरी, 2014 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

23. विधान सभा क्षेत्र सल्ट के तल्ला सल्ट में मछोड़ नामक स्थान पर तहसील की मांग के संबंध में श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 11फरवरी, 2014 को दी गई सूचना पर, राजस्व मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**

**दिनांक : 12 फरवरी, 2014**

**(जगदीश चन्द्र)**
**सचिव।**

प्रथम सत्र, 2014
का द्वितीय गुरूवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## गुरूवार, 24 माघ, शक संवत्, 1935

## ( दिनांक : 13 फरवरी, 2014 )

## नत्थी ''क''

## तारांकित प्रश्न

श्री महावीर सिंह रांगड़
27.12.2013

*01. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड के अधिकतर विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है ? यदि हां, तो सरकार शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? **शिक्षा**

श्री ललित फर्स्वाण
27.12.2013

*2. **पुनरावृत्ति के अधार पर निरस्त।** **संस्कृति**

क्या संस्कृति मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के बैजनाथ मन्दिर के 100 मीटर की परिधि में लोगों के आवासीय भवन निर्मित है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि उक्त क्षेत्र में आवासीय भवनों के मरम्मत/पुननिर्माण की अनुमति न मिलने से लोगों द्वारा विस्थापन की मांग की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार मन्दिर क्षेत्र के अन्तर्गत निवास करने वाले लोगों के लिए कोई कार्य योजना या विस्थापन की कोई नीति बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री ललित फर्स्वाण
28.12.2013

*3. **पुनरावृत्ति के अधार पर निरस्त।** **संस्कृति**

क्या संस्कृति मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के बैजनाथ में कत्यूर राजवंश से संबंधित मूर्तियां एक कमरे में बन्द हैं ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि संग्रहालय न बनने से पर्यटन से होने वाले राजस्व का नुकसान हो रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार बैजनाथ में संग्रहालय की स्थापना करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अजय टम्टा
03.01.2014

*4. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा विकास खण्ड ताडीखेत के ग्राम डौरब, बजीना एवं रूमा के लिए निर्मित पेयजल योजना ''ऐरी, रूमा पेयजल योजना'' काफी लम्बे समय से क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो कब तक इस क्षति ग्रस्त पेयजल योजना का पुनः निर्माण कर दिया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? **पेयजल**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री अजय टम्टा<br>03.01.2014 | *5. | क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढवाल के विकास खण्ड कोट के अन्तर्गत मा0 प्रधानमंत्री की वर्ष 2006 की घोषणा के आधार पर डांडा–नागराजा लिफ्ट पेयजल योजना हेतु प्राक्क्लन विरचित हो गया है ? यदि हां, तो किस संस्था द्वारा कब प्राक्कलन प्रस्तुत किया गया तथा उसकी अन्तिम स्थिति क्या है ? क्या योजना द्वारा अच्छादित 28 ग्राम पंचायतों में से शेष 13 ग्राम पंचायतों के नियोजन चरण की कार्यवाही की स्थिति क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त योजना हेतु कितना धनावंटन कब किया गया है तथा योजना का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा और कार्य पूर्ण होने की समयावधि क्या है ? | **पेयजल** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>16.01.2014 | *6. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में नियुक्ति से वंचित बी0टी0सी0 प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षा मित्र जो आयु सीमा पार कर चुके हैं या आयु सीमा पार करने की स्थिति में हैं, की नियुक्ति हेतु कोई योजना बनायी जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>09.01.2014 | *7. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत आपदा से विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर में कुल कितनी पेयजल योजनायें क्षतिग्रस्त हुई हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन सात माह में कितनी पेयजल योजनाओं का मरम्मत कार्य पूर्ण हो चुका है और कितनी शेष हैं ? क्या सरकार ने क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों का आपदा के बाद सर्वे कराया था ? यदि नहीं, तो पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने क्या प्रयास किये हैं ? | **पेयजल** |
| डा0 जीतराम<br>24.01.2014 | *8. | **माननीय सदस्य द्वारा प्रश्न वापस लेने के आधर पर निरस्त।**<br>क्या बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में महिला आयोग के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के पद कब –कब से रिक्त चले आ रहे हैं और इन पदों पर नामित करने/करवाने की दिशा में किए प्रयासों का विवरण क्या है ? क्या यह सत्य है कि राज्य की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री द्वारा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति/नामित करने हेतु प्रस्ताव/पत्रावली मुख्यमंत्री जी के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की गई है ? यदि हां, तो प्रस्तुत प्रस्ताव/पत्रावली पर कब अनुमोदन किया गया है ? यदि विलम्ब हुआ है तो इस विलम्ब के कारण क्या हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस विलम्ब से प्रभावित हो रहे राज्य महिला आयोग के कार्यों के प्रति कौन उत्तरदायी है ? | बाल विकास |
| श्री मालचंद<br>24.01.2014 | *9. | **आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नौगांव, पुरोला, मोरी में सेब बागवानों को हिमाचल पैटर्न पर सरकार द्वारा समर्थन मूल्य दिया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री चन्दन राम दास<br>24.01.2014 | *10. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर जिले में शिक्षा विभाग के अन्तर्गत रमसा योजना में आउटसोर्सिंग में कर्मचारियों के चयन का मानक क्या था ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि नियुक्तियों में निर्धारित आरक्षण का पालन नियमानुसार हुआ है ? यदि हां, तो चयन प्रक्रिया किस प्रकार की गयी ? यदि नहीं, तो इसके लिये जिम्मेदार कौन है तथा उस पर क्या कार्यवाही की गई ? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री चन्दन राम दास<br>24.01.2014 | *11. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर की बौड़ी धूराफाट पेयजल योजना में अब तक कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है ? क्या इस योजना में प्रस्तावित सभी ग्राम सभाओं में पाइप लाइन बिछा दी गयी है ? यदि हां, तो क्या लाभांवित परिवारों को पेयजल उपलब्ध हो रहा है ? यदि हां, तो किन किन गावों को ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री मालचन्द<br>27.01.2014 | *12. **आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत पुरोला, नौगांव, मोरी में बागवान व कृषकों को अति वृष्टि एवं मौसम की मार से फसलों को होने वाले नुकसान का हिमाचल पैटर्न पर समर्थन बीमा देने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>27.01.2014 | *13. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत पुरानी पेयजल लाईनों को बदलने हेतु काफी समय से मांग की जा रही है ? यदि हां, तो क्या पुरानी लाईनों को बदलने हेतु कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>28.01.2014 | *14. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा क्षेत्र के श्री भगवती राजकीय इण्टर कालेज सराईखेत में वर्षों से प्रधानाचार्य व मानकानुसार अध्यापकों, प्रवक्ताओं की कमी थी ? क्या मा0 मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि इस कमी को पूरा करने के स्थान पर वहां से 4 महत्वपूर्ण विषयों के अध्यापकों, प्रवक्ताओं का स्थानान्तरण अन्यत्र कर दिया गया ? क्या यह सत्य है कि मा0 मंत्री जी को छात्र हित में स्थानान्तरण ना करने हेतु निवेदन किया गया था ? यदि हां, तो उक्त स्थानान्तरण किये जाने के क्या कारण थे ? | **शिक्षा** |
| श्री गणेश जोशी<br>29.01.2014 | *15. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि मसूरी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत मसन्दावाला एवं गढ़ी कैन्ट में पेयजल की काफी समस्या होने के कारण क्षेत्रवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार जे0एन0एन0यू0आर0एम0 फेज़–2 या अन्य किसी योजना के अन्तर्गत मसन्दावाला एवं गढ़ीकैण्ट में ट्यूबवैल की स्थापना या कोई दीर्धकालीन पेयजल योजना संचालित किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>31.12.2013 | 01. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में धर्मस्व विभाग को मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु धन आवंटित किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु धन आवंटित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक और किन किन मन्दिरों में ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री भीमलाल आर्य<br>01.01.2014 | 02. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार भोजनमाताओं के वेतन में वृद्धि करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री अजय टम्टा<br>01.01.2014 | 03. **चतुर्थ सोम0 के आत0 02 में स्थाना0**<br>क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नेशनल कार्बेट पार्क निर्माण के समय से जनपद अल्मोड़ा के विभिन्न गावों में अनेक पशु पालक, पार्क में निवास करते थे उस पार्क प्रशासन ने उन्हे रिगौड़ा में एक एकड़ प्रति परिवार के हिसाब से नाप कर जमीन दी परन्तु तब से आज तक भूमि स्वामित्व न होने के कारण मूलभूत मानवीय सुविधायें नहीं मिल पा रही हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार इस पर कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>01.01.2014 | 04. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैन्सडाउन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पेयजल योजनाओं का पुनर्गठन प्रस्तावित है तथा उनका विवरण एवं स्थिति क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रस्तावित योजनाओं को पुनर्गठन कब तक किया जायेगा ? | **पेयजल** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>31.12.2013 | 05. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के सदूरवर्ती क्षेत्र एवं दैवीय अपदा ग्रस्त क्षेत्र के रा0इ0का0 स्याकोट कर्मी एवं बेदियाकोट के कार्यरत अध्यापक अन्य विद्यालयों में सम्बद्ध हैं ? यदि हां, तो सरकार द्वारा शासन स्तर पर उक्त विद्यालयों के अध्यापकों को अन्य विद्यालयों में समायोजन करने का शासनादेश जारी किया गया है ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री नवप्रभात<br>02.01.2014 | 06. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर के ग्राम केदारावाला में पेयजल नलकूप का बोरिंग कार्य किस वर्ष में पूरा किया गया था ? क्या इस पेयजल नलकूप से क्षेत्र में पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या इस पेयजल नलकूप के ओवरहैड टैंक का निर्माण हो चुका है ? | **पेयजल** |
| श्री नवप्रभात<br>02.01.2014 | 07. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर में कितने पेयजल नलकूप हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इसमें से कितने नलकूपों पर जनरेटर की व्यवस्था है तथा शेष नलकूपों पर जनरेटर उपलब्ध कराने के लिए सरकार की क्या योजना है ? | **पेयजल** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>02.01.2014 | 08. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हिन्दी साहित्य के प्रथम डी0 लिट डा0 पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल के जन्म स्थान (पैत्रिक स्थान) ग्राम पाली जहरीखाल जिला पौड़ी गढ़वाल में स्व0 बड़थ्वाल की स्मृति में कोई कार्यक्रम आयोजित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **संस्कृति** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत 02.01.2014 | 09. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैन्सडाउन टिपिन टाप में स्थित गढ़वाल मंडल विकास निगम का पर्यटन आवास गृह (विरासत भवन) लाभ की स्थिति में है ? यदि हां, तो इसके पिछले दस सालों की आय–व्यय का विवरण क्या है ? क्या इस पर्यटन आवास गृह (विरासत भवन) को सरकार पी0पी0पी0 मोड पर देने का कोई विचार कर रही है ? यदि हां, तो इसके कारणों का विस्तृत विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री विक्रम सिंह नेगी 02.01.2014 | 10. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के प्रतापनगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत खैट एवं पीड़ी पर्वत हेतु पर्यटन की कोई योजना स्वीकृत है ? यदि हां, तो योजना हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है तथा कब की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री विक्रम सिंह नेगी 02.01.2014 | 11. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रतापनगर विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत प्रथम चरण की योजना मणभागी सौड़ से सेम नागराजा मंदिर तक सीढ़ी निर्माण कार्य स्वीकृत है ? यदि हां, तो निर्माण कार्य हेतु धनराशि निर्गत की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 02.01.2014 | 12. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि विभाग द्वारा 2007 से वर्तमान तक जिन 9078 लोगों को ठेकेदारी के आधार पर विभाग में विभिन्न कार्यों हेतु रखा गया है उनके मुख्य नियोक्ता (प्रिंसिपल ईम्पलोयर) उनका विभाग स्वयं हैं ? यदि हां, तो क्या सभी कर्मचारियों को वेतन प्रतिमाह समयानुसार चैक द्वारा ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 एवं अन्य श्रम कानूनों का पालन करने के उपरान्त दिया जा रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि 01 अप्रैल, 2013 से वर्तमान तक सभी कर्मचारियों को दिये जाने वाले चैकों का विवरण, ई0पी0एफ0 और ई0एस0आई0 में जमा अंश दान का विवरण बैंक चालान, फार्म 3ए, 6ए या ई0सी0आर0 सहित देने का कष्ट करेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री दलीप सिंह रावत 02.01.2014 | 13. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैन्सडाउन विधान सभा क्षेत्र के कितने इंटर कालेजों और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्यों के पद रिक्त हैं ? क्या सरकार इन रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का विचार कर रही है ? यदि हां, तो उसकी अवधि क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री दलीप सिंह रावत 02.01.2014 | 14. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शासनादेश संख्या 142/ग्ग्प्ट/116(5)2008 दिनांक 14 जून, 2011 को जो उप प्रधानाचार्यों के प्रशासनिक पदो के उच्चीकृत के संबंध में था को शिक्षा सचिव ने किस आधार पर बदल दिया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस संबंध में संबंधित अधिकारी के खिलाफ कोई कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो क्या और इसकी अवधि क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री चन्दन राम दास 02.01.2014 | 15. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र में उ0मा0वि0 असौ (मल्लाकोट) को हाईस्कूल से इंटर में उच्चीकरण करने हेतु सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो मानकों में आने के बाद भी अब तक इसे उच्चीकृत नहीं करने का क्या कारण है ? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 02.01.2014 | 16. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा पी0टी0ए0 शिक्षकों की सूचना निदेशालय को ठीक प्रकार से न भेजे जाने के कारण जो शिक्षक मानदेय से वंचित रह गये थे उनका परीक्षण करा लिया गया हैं ? यदि हां, तो क्या वंचित रह गए शिक्षकों को मानदेय प्रदान किया जा रहा है ? यदि हा, तो क्या सरकार उनका जिलेवार विवरण देगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 02.01.2014 | 17. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में मुफ्त एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियम 2009 के अन्तर्गत जूनियर हाईस्कूलों में गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं भाषा विषय के लिए अलग–अलग अध्यापक होने चाहिए ? यदि हां, तो क्या प्रदेश के सभी जूनियर हाई स्कूलों में इसका पालन किया जा रहा है ? क्या मंत्री जी जिलेवार वर्तमान स्थिति का विवरण देंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 03.01.2014 | 18. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के सकलाना पट्टी में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दौंक का उच्चीकरण हुआ था ? यदि हां, तो उच्चीकरण होने के पश्चात भी वित्तीय स्वीकृति और शिक्षकों की नुियक्ति नहीं हो पायी है ? क्या सरकार वित्तीय स्वीकृति एवं शिक्षकों की नियुक्ति हेतु विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 03.01.2014 | 19. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के सकलाना पट्टी में मंझगांव (सिलवाणी) के जूनियर हाईस्कूल से हाईस्कूल तक उच्चीकरण करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री नवप्रभात 03.01.2014 | 20. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून में राजकीय इण्टर कालेज लांघा के भवन तथा अध्यापक कर्मचारी निवासों के निष्प्रयोज्य हो जाने की जानकारी शासन को प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो विद्यालय भवन तथा आवास पुनः निर्माण के लिये क्या कार्यवाही की गयी है ? | **शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 06.01.2014 | 21. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत रा0इ0का0 थत्यूड़ जौनपुर टि0ग0 में प्रवक्ता के कितने पद खाली हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि खाली पदों की नियुक्ति की प्रक्रिया क्या है तथा खाली पदों पर नियुक्ति के लिए क्या सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री चन्द्रशेखर 07.01.2014 | 22. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम दौडबसी (फैरोजपुर) व ग्राम ओरगजेबपुर (अमानतगढ़) के राजकीय प्रा0 विद्यालयों के भवनों की छते जर्जर हालत में हैं तथा वर्षात के समय पानी नीचे टपकता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त भवनों का पुनः निर्माण करवाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री भीमलाल आर्य 08.01.2014 | 23. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार विभिन्न विद्यालयों में योग विषय सृजित होने के बाद भी योग प्रशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री भीमलाल आर्य<br>08.01.2014 | 24. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार वर्ष 2011–12 तक स्नातक एवं 2000 से संचालित वर्ष 2011–12 तक विभागीय आदेशानुसार बन्द उच्चीकृत ई0जी0एस0 / ए0आई0ई0 केन्द्रो के अवशेष स्नातक योग यताधारी शिक्षा आचार्य / अनुदेशक का शिक्षा मित्र के रूप में समायोजन कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>08.01.2014 | 25. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के कपकोट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय हाईस्कूल रातिरकेठी का उच्चीकरण के लिए शासन स्तर पर कार्यवाही लम्बित है ? यदि हां, तो क्या कोई कार्यवाही चल रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>08.01.2014 | 26. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के कपकोट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय हाईस्कूल नामतीचेटाबगड का उच्चीकरण के लिए शासन स्तर पर कार्यवाही लम्बित है ? यदि हां, तो क्या कोई कार्यवाही चल रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>16.01.2014 | 27. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के कौसानी में निजी क्षेत्र की चाय फैक्ट्री स्थापित है तथा यहां पर व्यापक क्षेत्र में चाय बागान हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार चाय बोर्ड / निदेशालय को कौसानी जनपद बागेश्वर में स्थापित करने के संबंध में विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>16.01.2014 | 28. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के गरूड़ कस्बे व आसपास की 8 ग्राम पंचायतों के पेयजल हेतु डी0पी0आर0 का गठन हुआ है ? यदि हां, तो इस हेतु धनराशि कब तक आवंटित की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| डा0 जीतराम<br>16.01.2014 | 29. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कलजीखाल के अन्तर्गत मरोड़ा पेयजल योजना का निर्माण कब किया गया है और यह योजना उत्तराखण्ड जल संस्थान को कब हस्तानान्तरित की गई है तथा इस योजना में कौन कौन से गांव / उपगांव / विद्यालय आदि सम्मिलित हैं और इस योजना के अनुरक्षण / पुनर्निर्माण / जीर्णोद्धार पर कब–कब कितनी–कितनी धनराशि व्यय की गई है तथा योजना की अद्यतन स्थिति क्या है ? क्या यह सत्य है कि स्वजल परियोजना के अन्तर्गत भी मरोड़ा पेयजल योजना का पुनः निर्माण नई पाइप लाइन डालकर किया गया है ? यदि हां, तो पूर्व निर्मित पेयजल योजना के स्थान पर नई पाईप लाइन डालकर स्वजल परियोजना के अन्तर्गत समानान्तर नई पेयजल योजना के निर्माण का औचित्य एवं उद्देश्य क्या है तथा इस समानान्तर पेयजल योजना के निर्माण पर अब तक कितनी धनराशि व्यय की गई है और इस योजना से किन–किन गावों को पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाई गई है ? क्या उत्तराखण्ड जल संस्थान के अनुरक्षण में संचालित मरोड़ा पेयजल योजना का पुनर्निर्माण जल संस्थान की सहमति / संस्तुति पर किया गया है ? | **पेयजल** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री चन्दन राम दास<br>24.01.2014 | 30. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रमसा योजना में जनपद बागेश्वर जिले में आउटसोर्सिंग एजेंसी के चयन में क्या प्रक्रिया अपनाई गयी है ? क्या एकल फर्म होने के बाद भी किसी एजेंसी को रमसा में आउटसोर्सिंग एजेंसी बनाने का प्राविधान है ? यदि हां, तो नियमावली क्या है ? यदि नहीं, तो नियमानुसार चयन प्रक्रिया नहीं अपनाये जाने के कारण चयन समिति पर क्या कार्यवाही की जायेगी ? | **शिक्षा** |
| श्री मालचन्द<br>27.01.2014 | 31. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत केदारकांठा, चांगशील, मानीरा, पोस्टारा, दुन्दा, देवबन, बौखटिब्बा, देवराना, सरताल, बरराड़सर, देवक्यारा, जीवड़ाताल, बड़ासपास, बाल्ली पास, यमुनोत्री पास, हरकीदून पास जो कि उत्तराखण्ड के ही नहीं बल्कि देश भर के पर्यटक स्थल हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पर्यटक स्थानों को उत्तराखण्ड के पर्यटक मानचित्र में दर्शायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री मदन कौशिक<br>27.01.2014 | 32. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कौन कौन से ऐसे ब्लाक हैं जहां पर अभी तक राजकीय इन्टर कालेज नहीं है ? क्या सरकार प्रदेश के प्रत्येक ब्लाक में राजकीय इन्टर कालेज की स्थापना हेतु योजना बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>27.01.2014 | 33. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत कुछ क्षेत्रों में पेयजल की लाईनें नहीं है व उन क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध करने हेतु हैंडपम्प स्थापना किये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| डा0 जीतराम<br>28.01.2014 | 34. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत बड़कोट–चोपड़ी पेयजल योजना से ग्राम चोपड़ी तथा दिऊसा की जलापूर्ति एक लम्बी अवधि से बन्द है जिसके कारण ग्रामवासियों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है ? यदि हां, तो एक लम्बी अवधि तक जलापूर्ति बन्द रहने के कारण क्या हैं तथा इसके प्रति कौन उत्तरदायी है और जलापूर्ति कब तक बहाल की जायेगी ? | **पेयजल** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>28.01.2014 | 35. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा में प्रा0 पा0, जू0हा0 विद्यालय, उ0मा0 विद्यालय व इण्टर कालेजों में पदो के सापेक्ष प्रधानाचार्य, प्रवक्ता, अध्यापकों व कर्मचारियों की संख्या कितनी है ? क्या मंत्री जी सल्ट विधान सभा क्षेत्र के प्रत्येक विद्यालय, इण्टर कालेज का पूर्ण विवरण देने का कष्ट करेंगे ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि सृजित पदों के सापेक्ष स्थान रिक्त होने के कारण शिक्षा का स्तर गिर रहा है ? यदि हां, तो उसके सुधार हेतु सरकार कोई प्रयास कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>29.01.2014 | 36. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि शिक्षा मंत्री द्वारा विधायकों से उनके क्षेत्र के क्षतिग्रस्त विद्यालयों की सूची मांगी गई थी ? यदि हां, तो क्या दी गई सूची के अनुसार अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा क्षेत्र के क्षतिग्रस्त विद्यालयों के पुनर्निमार्ण हेतु कोई कार्यवाही की गई है ? यदि हां, तो विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>29.01.2014 | 37. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में वर्ष 2013–14 में वर्तमान तक कितने अध्यापकों, प्रवक्ताओं के स्थानान्तरण सल्ट विधान सभा क्षेत्र से अन्यत्र किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन स्थानान्तरणों का कारण क्या था और क्या इनके स्थान पर छात्र हित में दूसरे अध्यापकों प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई है ? यदि हां, तो विद्यालय इण्टर कालेज वार विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>29.01.2014 | 38. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पेयजल योजनायें शासन में वित्तीय स्वीकृति हेतु लम्बित हैं तथा लम्बित योजनाओं हेतु धन स्वीकृत न होने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार लम्बित योजनओं हेतु धन स्वीकृत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |

## नत्थी–''ख''

**<u>कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 12 फरवरी, 2014 की बैठक में दिनांक 13 फरवरी, 2014 से दिनांक 20 फरवरी, 2014 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–</u>**

**<u>फरवरी, 2014</u>**

**13** गुरूवार

1– वित्तीय वर्ष 2014–15 के आय–व्ययक पर सामान्य चर्चा

**शेष कार्यक्रम यथावत रहेंगे।**

## नत्थी- ''ग''

### वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

**अनुदान संख्याः- 05 निर्वाचन विभाग, 07 वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवायें, 06 राजस्व एवं सामान्य प्रशासन विभाग, 18 सहकारिता विभाग, 20 सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण विभाग**

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री तीरथ सिंह रावत<br>3. डा0 रमेश पोखरियाल ''निशंक''<br>4. श्री हरबंस कपूर<br>5. श्री बिशन सिंह चुफाल<br>6. श्री मदन कौशिक<br>7. श्री बंशीधर भगत<br>8. श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>9. श्री हरभजन सिंह चीमा<br>10. श्री अजय टम्टा<br>11. श्री चन्दन राम दास<br>12. श्री गणेश जोशी<br>13. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>14. श्री अरविन्द पाण्डेय<br>15. श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>16. श्री दान सिंह भण्डारी<br>17. श्री मालचन्द<br>18. श्री राजेश शुक्ला<br>19. डा0 प्रेम सिंह राणा<br>20. श्री चन्द्रशेखर<br>21. श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>22. श्री संजय गुप्ता<br>23. श्री आदेश चौहान<br>24. श्री दलीप सिंह रावत<br>25. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>26. श्री महावीर सिंह रांगड़<br>27. श्री पुष्कर सिंह धामी<br>28. स्वामी यतीश्वरानन्द | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |